तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	आदेश पत्रावली दिनांक - 28/06/2024 को पेश हो। फर्द दस्तावेज प्रार्थीगण की ओर से पेश किये, जो शा० मिसल किये गये।	
28/6/2024	पत्रावली पेश। हमने वकील पक्षकारान् द्वारा बहस के दौरान प्रस्तुत तर्को पर मनन कर पत्रावली का अवलोकन किया। प्रकरण में अंकित विवादित भूमि खाता संख्या 71 खसरा संख्या 622/734, 622/760 व 762/735 वाके ग्राम पेंच की बावडी पटवार मण्डल पेंच की बावडी जो कि प्रार्थीगण की सहखातेदारी में अंकित है, कि प्रार्थीगण पत्थरगढी करवाना चाहते हैं। प्रार्थीगण द्वारा जिस भूमि की पत्थरगढी चाही गई है उस भूमि के समीप स्थित खातेदारों जो कि प्रकरण में आवश्यक पक्षकार बनते उनको पक्षकार नहीं बनाया है। प्रकरण में प्रार्थीगण द्वारा आवश्यक पक्षकारों को संयोजित नहीं करने से पक्षकारों का कुसंयोजन हुआ है। समीप के काश्तकारों को सुने बिना यदि निर्णय पारित किया जाता है तो अनावश्यक वाद बाहुलता की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। प्रकरण में उपरोक्त तथ्यों से प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण में आवश्यक पक्षकारों का कुसंयोजन होना पाया गया है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तकमील नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी भिण्डोली	